भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 804

26 जून, 2019 को उत्तर के लिए

इजराइल के साथ रक्षा खरीद सौदा

804. श्री रेबती त्रीपुरा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में इजराइल के साथ रक्षा खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(ग) ऐसे सौदों के क्रियान्वयन के लिए क्या समय-सीमा दी गई है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ग): विगत दो वित्तीय वर्षों (2017-18 एवं 2018-19) के दौरान रक्षा उपस्कर जैसेकि मिसाइल, रडार, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो एवं खोज व बचाव उपस्कर (एसएआर) आदि की पूंजी अधिप्राप्ति के लिए इजरायली विक्रेताओं के साथ 09 संविदाओं पर हस्ताक्षर किए गए हैं एवं प्रत्येक संविदा में उपस्करों की वितरण अनुसूची को विनिर्दिष्ट किया गया है ।

****